J.P. COLLEGE OF EDUCATION
INTERNATIONAL WOMEN'S DAY

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ, नालन्दा के टैगोर सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने बताया कि आज हमारी महिलाएँ न केवल पुरूषों की बराबरी कर रही हैं बल्कि कुछ क्षेत्रों में पुरूषों से आगे हैं। महिलाएँ समाज की धुरी हैं। उनके कंधों पर न केवल गृहस्थी का बोझ रहता है बल्कि बाहरी कार्यों को करने का भी दबाव रहता है। जिसे महिलाएँ बहुत ही कुशलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। महिलाएँ आज न केवल कार्यालयी कार्य कर रही हैं बल्कि हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं, ट्रेनें भी चला रही हैं, फाइटर प्लेन भी चला रहीं हैं, अंतरिक्ष में जा रही हैं। अभी सुनिता विलियम्स कितने माह से अंतरिक्ष स्टेशन पर समय व्यतीत कर रही हैं। राजनीति में शीर्ष पदों पर भी महिलाएँ पहुँची हैं। हमारे देश में राष्ट्रपति के पद तक महिलाएँ आसीन हुई हैं। स्व0 श्रीमति इंदिरा गांधी को विश्व में कौन नहीं जाता है। आज महिलाएँ बैकिंग में भी सर्वोच्च स्थान पर विराजमान हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में भी अपना नाम रौशन कर रही हैं।

सचिव श्री शैलेश कुमार ने आगे बताया कि बिहार सरकार के द्वारा छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। छात्राओं को साईकिल, पोशाक, नगद प्रोत्साहन राशि इत्यादि की सुविधा प्रदान की गई है। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा महिलाओं के व्यापक हित को देखते हुए बिहार में शराबबंदी सख्ती के साथ लागू किया गया है।

इस अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ, नालन्दा के संरक्षक माननीय श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री, बिहार सरकार यहाँ प्रशिक्षणरत छात्राओं को अपना शुभकामना संदेश देते हुए महिला दिवस की हार्दिक बधाई दिए।

इस अवसर पर बी0 एड0 एवं डी0 एल0 एड0 के छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत नाटक के माध्यम से समाज में लड़कियों की आवश्यकता एवं महत्व को दर्शाया गया। साथ ही साथ उपस्थित वक्ताओं के द्वारा इस संबंध में महिलाओं की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अंत में पुनः सचिव श्री शैलेश कुमार के द्वारा सभी उपस्थित व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

J.P. GROUP OF EDUCATION
Welcome!

TAGORE HALL
J.P. GROUP OF EDUCATION
महिला

J.P. GROUP OF EDUCATION
Add.- Biyabani, Bihar Sharif (Nalanda) 803216
महिला
INTERNATIONAL
INDEPENDENT
CONFIDENT
CREATIVE
STRONG
DARING
INTELLIGENT
EMPOWERED
BEAUTIFUL
SMART
KIND
MARCH
Women's DAY

J.P. GROUP OF EDUCATION
Add.- Biyabani, Bihar Sharif (Nalanda) 803216
Womens
Day

J.P. GROUP OF EDUCATION
Add.- Biyabani, Bihar Sharif (Nalanda) 803216
अन्तर्राष्ट्रीय
महिला


J.P. GROUP OF EDUCATION
Add.- Biyabani, Bihar Sharif (Nalanda) 803216
अन्तर्राष्ट्रीय
महिला
8
2025

J.P. GROUP OF EDUCATION
महिला